INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	Department: Hindi	Date:
Q. Bank& Grammar	Topic: बसंत का आगमन उपसर्ग, प्रत्यय, अनेकार्थी, मुहावरे	Note: Pls. write in your Hindi note book

शब्दार्थ

बगीचा - Garden   ऋतुराज- King of seasons (spring)
बेधड़क - fearlessly   मालिक- master
बहार - springtime   चुपके से- silently
अहसास - feeling   हरा भरा- full of greenery
अकसर - often   कर्कश - harsh
वीरानी - desolation   खिलखिलाहट- laughter   नाराज़ - angry

प्रश्न उत्तर

प्रश्न1- बच्चे अकसर बगीचे में क्यों घुस जाते थे?

उत्तर- बच्चे हरी घास पर खेलने-कूदने और रसदार आड़ुओं का स्वाद लेने के लिए बगीचे में घुस जाते थे|

प्रश्न2- बच्चे बगीचे के मालिक को देखकर क्यों डर गए?

उत्तर- बगीचे के मालिक के हाथ में मोटा डंडा देखकर और उसकी कर्कश आवाज सुनकर बच्चे डर गए|

प्रश्न3- बगीचे के मालिक ने बच्चों को रोकने के लिए क्या किया?

उत्तर-बगीचे के मालिक ने बगीचे के चारों ओर एक पक्की दीवार बनवा दी|

प्रश्न4- बगीचे का मालिक उदास क्यों लेटा था?

उत्तर-बगीचे में बहार न आने और पेड़ -पौधों में फूल न लगने से बगीचे का मालिक उदास था|

प्रश्न5- बसंत ऋतु में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं ?

उत्तर- बसंत ऋतु के आते ही वृक्ष फूलों से लद जाते हैं| चिड़ियों की चहचहाहट,भँवरों का गुंजार सुनने और बच्चों की प्रसन्नता देखने को मिलती है|

प्रश्न6- आड़ू के पेड़ों का वर्णन दो-तीन पंक्तियों में कीजिए|

उत्तर-आड़ू के पेड़ बगीचे की शान थे| वे सदा सिर उठाए खड़े रहते थे| ऋतुराज बसंत के आते ही वे फूलों से लद जाते थे| कुछ दिन बाद वे फूल फल बन

जाते थे |

प्रश्न7- ऋतुराज बसंत की नाराजगी का क्या कारण था?

उत्तर- ऋतुराज इसलिए नाराज था क्योंकि दीवार बनने से बच्चों का बगीचे में आना बंद हो गया था|

प्रश्न8- एक साल बाद बसंत ऋतु के आने पर क्या हुआ?

उत्तर- जब एक साल बाद बसंत ऋतु आई तो सबके बगीचे में फल- फूल लगे पर उस मालिक के बगीचे में वीरानी छाई रही| न तो चिड़ियों की चहचहाहट सुनाई पड़ी, नही भँवरों का गुंजार और न ही आडू के पेड़ों में फूल लगे|

प्रश्न 9- आदमी ने बची हुई दीवार को क्यों गिरा दिया?

उत्तर- उस आदमी ने बची हुई दीवार को गिरा दिया ताकि उसके बगीचे में बच्चों की हँसी हमेशा गूँजती रहे और बगीचा फल-फूलों से सदा भरा रहे|

प्रश्न 10- अगली बसंत के आगमन से ठीक पहले क्या हुआ?

उत्तर- अगली बसंत के आगमन से ठीक पहले एक दिन बहुत जोर से पानी बरसा और दीवार का कुछ हिस्सा टूट कर गिर गया ,जिसे देखकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए| वे चुपके से बगीचे में घुसकर मज़े से खेलने लगे|

उपसर्ग

1. अभि	- अभिमान,	अभिनव
2. अव	- अवगुण,	अवनति
3. आ	- आमरण,	आक्रमण
4. नि	- निवास,	नियम
5. उप	- उपवन,	उपदेश
6. वि	- विदेश,	विज्ञान
7. प्र	- प्रदेश,	प्रयोग
8. परि	- परिवार,	परिक्रमा

प्रत्यय

1. वाला	- दूधवाला,	चायवाला
2. पन	- बचपन,	लड़कपन
3. आवट	- सजावट,	लिखावट
4. ईय	- राष्ट्रीय,	भारतीय
5. ई	- अमीरी,	गरीबी

6. आपा - मोटापा, बुढ़ापा
7. ता - सुंदरता, मानवता
8. दार - ईमानदार, दुकानदार

अनेकार्थी

1. अंक - गोद , संख्या
2. अंबर - आकाश, कपड़ा
3. अर्थ - धन, मतलब
4. पूर्व - पहले, एक दिशा (East)
5. कनक - सोना, गेहूँ
6. कर - हाथ, टैक्स
7. पत्र - पत्ता, चिट्ठी
8. घन - बादल, हथौड़ा

मुहावरे

1- आकाश में उड़ना (कल्पना में घूमना) -बिना पढ़ाई किए परीक्षा में सफल होना आकाश में उड़ना है।

2- आपे से बाहर होना (क्रोध से अपने वश में न रहना) - मोहन ने आपे से बाहर आकर अपने मित्र की पिटाई कर दी|

3- आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना) - ठग यात्री की आँखों में धूल झोंककर उसका सामान लेकर भाग गया।

4- ईद का चाँद होना (बहुत दिनों बाद दिखाई देना) - अरे सोहन! आजकल कहाँ रहते हो? तुम तो ईद के चाँद हो गए हो |

5- कमर कसना (चुनौती के लिए तैयार रहना) - भारतीय सैनिक हर संकट के लिए कमर कसे रहते हैं |

6- आकाश-पाताल एक करना (बहुत परिश्रम करना) - आकाश-पाताल एक करके ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं|

7- धब्बा लगाना (कलंकित करना) - राजू ने चोरी करके अपने परिवार पर धब्बा लगा दिया |

8- आँखों से गिरना (आदर भाव कम हो जाना) - रोहन अपनी गलत आदतों के करना सबकी आँखों से गिर गया है |

---000---